अगर कोई डिवाइस हैक होता है, तो मुझे अपने डिस्ट्रिक्ट में न सिर्फ़ Chromebook, बल्कि iOS, Windows 10 के साथ-साथ सभी तरह के डिवाइसों में नीतियों को मैनेज करने और उन्हें लागू करने के लिए एक बेहतर तरीका चाहिए.”

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google एंडपॉइंट मैनेजमेंट की मदद से डिवाइसों को मैनेज करना
- मोबाइल के बेहतर मैनेजमेंट की सुविधा सेट अप करना

एंडपॉइंट डिवाइसों को मैनेज करना

एंडपॉइंट के बेहतर मैनेजमेंट की सुविधा की मदद से, मोबाइल डिवाइसों के ज़रिए संगठन के डेटा पर ज़्यादा कंट्रोल मिल सकता है. इसके अलावा, मोबाइल डिवाइस की सुविधाओं को सीमित करने, डिवाइस एन्क्रिप्शन को ज़रूरी बनाने, Android डिवाइसों या iPhone और iPad पर ऐप्लिकेशन मैनेज करने, और यहां तक कि किसी डिवाइस से डेटा मिटाने जैसी सुविधाएं भी आपको मिलती हैं.

- Admin console की मदद से डिवाइसों को मंज़ूरी दी जा सकती है, उन्हें ब्लॉक किया जा सकता है, अनब्लॉक किया जा सकता है या मिटाया जा सकता है.
- अगर किसी उपयोगकर्ता का डिवाइस खो जाता है या उसको स्कूल से निकाल दिया जाता है, तो आपके पास उसके खाते, उसकी प्रोफ़ाइल को मिटाने या खास तौर पर मैनेज किए जा रहे मॉड्यूल डिवाइस से सारा डेटा मिटाने का विकल्प रहता है. इसके बाद भी यह डेटा, कंप्यूटर या वेब ब्राउज़र पर उपलब्ध होगा.

जानें: एंडपॉइंट डिवाइसों को मैनेज करना

मोबाइल के बेहतर मैनेजमेंट की सुविधा को चालू करने का तरीका

- अपने Admin console में साइन इन करें
- Admin console > डिवाइस पर जाएं
- बाईं ओर, सेटिंग > यूनिवर्सल सेटिंग पर क्लिक करें
- सामान्य > मोबाइल मैनेजमेंट पर क्लिक करें
- सभी पर सेटिंग लागू करने के लिए, संगठन की टॉप इकाई को चुनकर रखें. इसके अलावा, संगठन की कोई उप-इकाई चुनें.
- बेहतर विकल्प चुनें
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google एंडपॉइंट मैनेजमेंट की मदद से डिवाइसों को मैनेज करना
- मोबाइल के बेहतर मैनेजमेंट की सुविधा सेट अप करना

“मेरे कुछ शिक्षक Windows 10 डिवाइसों का इस्तेमाल करते हैं. अपने संस्थान के सभी डिवाइसों को एक ही जगह पर कैसे मैनेज किया जा सकता है?”

Microsoft Windows डिवाइसों को मैनेज करना

जिस तरह Android, iOS, Chrome, और Jamboard डिवाइसों को Admin console की मदद से, मैनेज और सुरक्षित किया जाता है उसी तरह संस्थान के Windows 10 डिवाइसों को भी मैनेज और सुरक्षित किया जा सकता है.

- सिंगल साइन-ऑन चालू करें, ताकि उपयोगकर्ता अपने Windows 10 डिवाइसों पर Google Workspace को ज़्यादा आसानी से ऐक्सेस कर सकें
- Admin console पर डिवाइस मैनेज करके पक्का करें कि Google Workspace को ऐक्सेस करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिवाइस सुरक्षित हैं और अपडेट किए गए हैं. साथ ही, वे ज़रूरी शर्तों का पालन करते हैं
- डिवाइस को वाइप करें, डिवाइस कॉन्फ़िगरेशन के अपडेट पुश करें, और Windows 10 डिवाइसों पर क्लाउड से जुड़ी कई और सुविधाएं पाएं

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Windows डिवाइस मैनेजमेंट चालू करना
- Windows डिवाइस मैनेजमेंट में किसी डिवाइस का नाम दर्ज करना

जानें: Microsoft Windows डिवाइसों को मैनेज करना

Windows डिवाइस मैनेजमेंट चालू करना

- Admin console में, मेन्यू > डिवाइस > मोबाइल और एंडपॉइंट > सेटिंग > Windows की सेटिंग पर जाएं
- Windows मैनेजमेंट का सेटअप चुनें
- सभी पर सेटिंग लागू करने के लिए, संगठन की टॉप इकाई को चुनकर रखें
- Windows डिवाइस मैनेजमेंट के बगल में, चालू है को चुनें
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Windows डिवाइस मैनेजमेंट चालू करना
- Windows डिवाइस मैनेजमेंट में किसी डिवाइस का नाम दर्ज करना

Windows 10 डिवाइसों पर वाई-फ़ाई प्रोफ़ाइल कैसे सेट अप की जा सकती हैं?"

Windows 10 डिवाइसों के लिए कस्टम सेटिंग

Google के Windows डिवाइस मैनेजमेंट का इस्तेमाल करके, एडमिन अपने सभी डिवाइसों में कस्टम सेटिंग जोड़ सकते हैं.

- Admin console से डिवाइस की कस्टम सेटिंग कंट्रोल करें
- इनके लिए सेटिंग लागू की जा सकती हैं:
  - डिवाइस मैनेजमेंट
  - सुरक्षा
  - हार्डवेयर और नेटवर्क
  - सॉफ़्टवेयर
  - निजता

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- सामान्य कस्टम सेटिंग
- कस्टम सेटिंग जोड़ना

जानें: Windows 10 डिवाइसों के लिए कस्टम सेटिंग

नई कस्टम सेटिंग जोड़ना

- Admin console में, मेन्यू > डिवाइस > मोबाइल और एंडपॉइंट > सेटिंग > Windows की सेटिंग पर जाएं
- कस्टम सेटिंग चुनें
- एक कस्टम सेटिंग जोड़ें पर क्लिक करें > और ज़रूरी फ़ील्ड भरें
- आगे बढ़ें पर क्लिक करें
- सेटिंग लागू करने के लिए, संगठन की इकाई चुनें
- लागू करें पर क्लिक करें

कृपया ध्यान दें कि Google, तीसरे पक्ष के प्रॉडक्ट या सेटिंग के लिए, न तो तकनीकी सहायता देता है और न ही इनकी ज़िम्मेदारी लेता है.



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- सामान्य कस्टम सेटिंग
- कस्टम सेटिंग जोड़ना

“

मुझे यह पक्का करना है कि मेरे सभी Windows 10 डिवाइसों पर नए अपडेट मिलें.”

Windows 10 डिवाइसों पर मिलने वाले अपडेट को ऑटोमेट करना

इससे यह तय किया जा सकता है कि आपके संस्थान के Windows 10 डिवाइसों को, Windows की अपने-आप अपडेट होने वाली सेवा से, सुरक्षा अपडेट और दूसरे ज़रूरी डाउनलोड कब और कैसे मिलेंगे.

- Windows के अपडेट के कंट्रोल पैनल से अपडेट डाउनलोड करने के लिए, सूचनाएं पाने की सुविधा सेट अप करें और वह समय चुनें जिसके दौरान डिवाइस अपडेट होने के बाद फिर से चालू न हो. इसके अलावा, और भी बहुत कुछ करें
- अपने पूरे संस्थान या संगठन की खास इकाइयों पर सेटिंग लागू करें
- बदलावों को लागू होने में 24 घंटे लग सकते है, लेकिन आम तौर पर इससे कम समय ही लगता है

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- अपडेट अपने-आप मिलने की सुविधा मैनेज करना

जानें: Windows 10 डिवाइसों पर मिलने वाले अपडेट को ऑटोमेट करना

अपडेट कॉन्फ़िगर करना

- Admin console में, मेन्यू > डिवाइस > मोबाइल और एंडपॉइंट > सेटिंग > Windows की सेटिंग पर जाएं
- Windows अपडेट सेटिंग > चालू है चुनें
- Windows डिवाइस मैनेजमेंट के बगल में, चालू है को चुनें
- नीचे दिया गया कोई एक विकल्प कॉन्फ़िगर करें इसके अलावा, ये विकल्प भी उपलब्ध हैं:
  - Microsoft ऐप्लिकेशन के लिए अपडेट स्वीकार करना
  - अपने-आप अपडेट होने की कार्रवाई
  - अपने-आप अपडेट होने का अंतराल
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- अपडेट अपने-आप मिलने की सुविधा मैनेज करना

“

मुझे पता है कि Google ने डेटा एन्क्रिप्शन को लेकर काफ़ी ऊंचे मानक सेट कर रखे हैं, लेकिन मुझे हमारी यूनिवर्सिटी की बौद्धिक संपत्ति और अनुदान की मदद से की गई रिसर्च को एन्क्रिप्ट करने वाली कुंजियों को कंट्रोल करना है.”

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के बारे में जानकारी

क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के फ़ायदे पाना

Google Workspace, नए क्रिप्टोग्राफ़ी स्टैंडर्ड का इस्तेमाल करता है, ताकि ऐसे डेटा को एन्क्रिप्ट (सुरक्षित) किया जा सके जो ऐक्टिव नहीं है या जो ट्रांज़िट में है. क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन की मदद से एडमिन को, एन्क्रिप्ट करने वाली कुंजियों और उन कुंजियों को ऐक्सेस करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले आइडेंटिटी प्रोवाइडर पर सीधा कंट्रोल मिलता है.

- अपने संस्थान की बौद्धिक संपत्ति जैसे संवेदनशील डेटा को एन्क्रिप्ट करने के लिए, एन्क्रिप्ट करने वाली अपनी कुंजियों का इस्तेमाल करें
- Google के क्लाउड-आधारित स्टोरेज में किसी भी डेटा को ट्रांसमिट या सेव करने से पहले, आपके ब्राउज़र में कॉन्टेंट को एन्क्रिप्ट करने की प्रोसेस की जाती है
- चुनें कि कौनसे उपयोगकर्ता, क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन वाला कॉन्टेंट बना सकते हैं और इसे संगठन में या संगठन से बाहर शेयर कर सकते हैं

जानें: क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के फ़ायदे पाना

क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन (सीएसई) सेट अप करना

- कुंजी मैनेज करने वाली सेवा सेट अप करें
  - कुंजी मैनेज करने वाली अपनी सेवा सेट अप करके, सुविधाओं को कंट्रोल करें और कुंजियों को मैनेज करके, अपने डेटा को सुरक्षित रखें
- कुंजी मैनेज करने वाली बाहरी सेवा से Google Workspace को कनेक्ट करें
  - Admin console में कुंजी मैनेज करने वाली सेवा का यूआरएल शामिल करके, क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के लिए, कुंजी मैनेज करने वाली प्रमुख सेवाओं को जोड़ें और मैनेज करें
- कुंजी मैनेज करने वाली सेवा को, संगठन की इकाइयों या ग्रुप के लिए असाइन करें
  - अपने पूरे संस्थान के लिए डिफ़ॉल्ट सेवा के तौर पर, कुंजी मैनेज करने वाली एक सेवा असाइन करें
- अपने आईडीपी (IdP) से Google Workspace को कनेक्ट करें
  - क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के लिए अपने आइडेंटिटी प्रोवाइडर (IdP) से कनेक्ट करें, ताकि उपयोगकर्ताओं को कॉन्टेंट एन्क्रिप्ट करने या एन्क्रिप्ट किए गए कॉन्टेंट को ऐक्सेस करने की अनुमति देने से पहले, उनकी पहचान की पुष्टि की जा सके
- उपयोगकर्ताओं के लिए सीएसई (क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन) चालू करें
  - जिन ग्रुप या संगठन की इकाइयों के उपयोगकर्ताओं के लिए क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन वाला कॉन्टेंट बनाना ज़रूरी है उन्हें इसकी सुविधा देने के लिए, क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन चालू करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- क्लाइंट-साइड एन्क्रिप्शन के बारे में जानकारी

सीखने-सिखाने से जुड़ी सुविधाएं

कक्षा के बेहतर अनुभव, शिक्षा से जुड़े नैतिक व्यवहार को बढ़ावा देने वाले टूल, और बेहतर वीडियो कम्यूनिकेशन की मदद से, अपने डिजिटल लर्निंग प्लैटफ़ॉर्म पर शिक्षकों को अतिरिक्त सुविधाएं दें.



- Google Classroom
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट
- Docs, Sheets, और Slides
- Google Meet

Google Classroom

यह क्या काम करता है?

Google Classroom पर आपको, सीखने-सिखाने के लिए हर सुविधा मिलती है. Classroom की पैसे देकर ली जाने वाली सुविधाएं, क्लास से जुड़े टूल को एक ही जगह पर उपलब्ध कराने में मदद करती हैं. शिक्षक अपने पसंदीदा टूल को सीधे Classroom में ऐक्सेस कर सकते हैं. साथ ही, क्लास की सूचियों को बाहरी सिस्टम के साथ सिंक कर सकते हैं.



इस्तेमाल के उदाहरण

Classroom ऐड-ऑन के ऐक्सेस को मैनेज करना	सिलसिलेवार तरीका
Classroom में दिलचस्प कॉन्टेंट को इंटिग्रेट करना	सिलसिलेवार तरीका
बड़े पैमाने पर क्लास बनाना	सिलसिलेवार तरीका

“

काश कोई ऐसा तरीका होता जिससे शिक्षकों को अपने पसंदीदा एडटेक टूल का सिंगल साइन-ऑन ऐक्सेस मिल पाता. ”

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Workspace Marketplace ऐप्लिकेशन मैनेज करना
- Classroom में ऐड-ऑन का इस्तेमाल करना
- अनुमति वाली सूची में, Google Workspace Marketplace पर मौजूद ऐप्लिकेशन मैनेज करना
- उपयोगकर्ताओं को Google Workspace Marketplace पर मौजूद ऐप्लिकेशन उपलब्ध कराना
- Classroom ऐड-ऑन [एडमिन के लिए शुरुआती निर्देश]

Classroom ऐड-ऑन के ऐक्सेस को मैनेज करना

अनुमति वाले डोमेन की सूची की मदद से, यह तय किया जा सकता है कि आपका संस्थान, तीसरे पक्ष के शिक्षा से जुड़े कौनसे ऐप्लिकेशन ऐक्सेस कर सकता है. इससे शिक्षकों को आसानी से ऐड-ऑन इंस्टॉल करने और कुछ ही क्लिक में उन्हें छात्र-छात्राओं के असाइनमेंट में शामिल करने की सुविधा भी मिलती है.

- शिक्षक Google Workspace Marketplace से तीसरे पक्ष के कौनसे ऐप्लिकेशन इंस्टॉल कर सकते हैं, यह तय करने के लिए अपने पूरे डोमेन में, अनुमति वाली सूची बनाएं.
- शिक्षा से जुड़े अन्य ऐप्लिकेशन की मदद से बेहतर तरीके से सीखें और सिखाएं. शिक्षक सीधे Google Classroom में काम असाइन कर सकते हैं, उसकी समीक्षा कर सकते हैं, और ग्रेड दे सकते हैं.
- Google Workspace Marketplace में Adobe Creative Cloud Express, BookWidgets, CK-12, Formative, Genially, Google Arts & Culture, IXL, Kahoot!, Nearpod, Newsela, Pear Deck, SAFARI Montage, Sora, Wordwall वगैरह हैं.

जानें: Classroom ऐड-ऑन के ऐक्सेस को मैनेज करना

अनुमति वाले डोमेन की सूची की मदद से, ऐड-ऑन का ऐक्सेस मैनेज करना

- Admin console में, मेन्यू > Google Workspace Marketplace के ऐप्लिकेशन > ऐप्लिकेशन की सूची चुनें
- अनुमति वाली सूची में शामिल ऐप्लिकेशन चुनें
- अपनी पसंद के ऐड-ऑन का नाम डालें या उसे खोजें
- चुनें पर क्लिक करें और पक्का करें कि उपयोगकर्ताओं को यह ऐप्लिकेशन इंस्टॉल करने दें विकल्प चुना गया है
- जारी रखें और पूरा करें पर क्लिक करें

अपनी पसंद के मुताबिक, लोगों को ऐड-ऑन का ऐक्सेस देना

- Admin console में, मेन्यू > Google Workspace Marketplace के ऐप्लिकेशन > ऐप्लिकेशन की सूची चुनें
- वे ऐड-ऑन चुनें जिन्हें उपलब्ध कराना है
- उपयोगकर्ता ऐक्सेस के नीचे, संगठन की इकाइयां और ग्रुप देखें पर क्लिक करें
- सभी के लिए उपलब्ध या चुनिंदा ग्रुप या संगठन की इकाइयों को ही ऐक्सेस दें में से एक विकल्प चुनें
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Workspace Marketplace ऐप्लिकेशन मैनेज करना
- Classroom में ऐड-ऑन का इस्तेमाल करना
- अनुमति वाली सूची में, Google Workspace Marketplace पर मौजूद ऐप्लिकेशन मैनेज करना
- उपयोगकर्ताओं को Google Workspace Marketplace पर मौजूद ऐप्लिकेशन उपलब्ध कराना
- Classroom ऐड-ऑन [एडमिन के लिए शुरुआती निर्देश]

“

मुझे Google Classroom से बाहर आए बिना, अपने छात्र-छात्राओं को Kahoot! का एक लर्निंग गेम असाइन करना है और उनके काम को ग्रेड करना है.”

Classroom में दिलचस्प कॉन्टेंट को इंटिग्रेट करना

Classroom ऐड-ऑन की मदद से शिक्षक, Classroom में ही असाइनमेंट, सवाल, सामग्री या सूचनाओं में ऐड-ऑन अटैच करके, दिलचस्प गतिविधियों और कॉन्टेंट को अपनी क्लास के साथ शेयर कर सकते हैं.

- शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को Classroom से बाहर आए बिना, उनके पसंदीदा टूल इस्तेमाल करने का मौका दें. जैसे- Kahoot!, Nearpod, और Pear Deck
- ऐड-ऑन की मदद से, छात्र-छात्राओं को कई सारे पासवर्ड मैनेज करने या बाहरी वेबसाइटों पर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती
- Classroom में ही ऐड-ऑन का इस्तेमाल करके, छात्र-छात्राओं के काम की समीक्षा करें और उन्हें ग्रेड दें

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Classroom में ऐड-ऑन का इस्तेमाल करना
- Classroom ऐड-ऑन [शिक्षकों के लिए शुरुआती निर्देश]

जानें: Classroom में दिलचस्प कॉन्टेंट को इंटिग्रेट करना

किसी असाइनमेंट, क्विज़ या सवाल में ऐड-ऑन अटैच करने का तरीका

- classroom.google.com पर जाकर, अपने Classroom खाते में साइन इन करें
- सूची से क्लास चुनने के बाद, क्लासवर्क चुनें
- बनाएं चुनें > चुनें कि आपको क्या बनाना है
- टाइटल और निर्देश डालें
- ऐड-ऑन के नीचे, वे ऐड-ऑन चुनें जिनका इस्तेमाल करना है
- असाइन करें चुनें

किसी सूचना में ऐड-ऑन अटैच करने का तरीका

- अपनी क्लास के स्ट्रीम पेज पर, क्लास को कोई सूचना दें को चुनें
- अपनी सूचना दर्ज करें
- ऐड-ऑन के नीचे, वे ऐड-ऑन चुनें जिनका इस्तेमाल करना है
- पोस्ट करें चुनें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Classroom में ऐड-ऑन का इस्तेमाल करना
- Classroom ऐड-ऑन [शिक्षकों के लिए शुरुआती निर्देश]

"मुझे क्लास के सेटअप को ऑटोमेट करने और Google Classroom में छात्र-छात्राओं की नामावली को मैनेज करने के एक तरीके की तलाश है."

बड़े पैमाने पर क्लास बनाना

SIS में नामावली को इंपोर्ट करने की सुविधा की मदद से, अपने-आप क्लास बन जाती हैं. साथ ही, इससे Clever के ज़रिए क्लास की सूचियों को, स्कूल के छात्र-छात्राओं की जानकारी का रिकॉर्ड रखने वाले सिस्टम (एसआईएस) में सिंक करने में मदद मिलती है.

- यह सुविधा अमेरिका और कनाडा के उन K-12 (पहली कक्षा से बारहवीं तक) स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए उपलब्ध है जो Education Plus वर्शन का इस्तेमाल करते हैं
- एडमिन क्लास को अपने-आप सेट अप करने के लिए, SIS से Google Classroom में क्लास की नामावली को इंपोर्ट कर सकते हैं
- Google Classroom में आसानी से क्लास की सूचियों को ऑटोमेट और मैनेज करें

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- SIS में नामावली को इंपोर्ट करने की सुविधा का इस्तेमाल शुरू करना
- Clever की मदद से, SIS में नामावली को इंपोर्ट करने की सुविधा को सेट अप करना

जानें: बड़े पैमाने पर क्लास बनाना

SIS में नामावली को इंपोर्ट करने की सुविधा को सेट अप करने का तरीका

- Clever के ज़रिए, Google Classroom में नामावली सिंक करने की प्रोसेस को सेट अप करें
- Clever में आपका डिस्ट्रिक्ट एडमिन और Google Workspace का सुपर एडमिन Clever के सिलसिलेवार निर्देशों का पालन कर सकते हैं

अगर आपके डिस्ट्रिक्ट का Clever खाता नहीं है, तो:

- Clever खाता बनाएं

अगर आपके डिस्ट्रिक्ट का Clever खाता है, तो:

- अपने Clever डैशबोर्ड में जाकर, नामावली के इंपोर्ट का अनुरोध करें

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Clever की मदद से, SIS में नामावली को इंपोर्ट करने की सुविधा को सेट अप करना

ओरिजनैलिटी रिपोर्ट

यह क्या काम करता है?

ओरिजनैलिटी रिपोर्ट की मदद से, शिक्षक और छात्र-छात्राएं Google Search का इस्तेमाल करके, किसी असाइनमेंट के ओरिजनल होने की जांच कर पाते हैं. इसके तहत, छात्र-छात्राओं के काम की तुलना अरबों वेब पेजों और चार करोड़ से ज़्यादा किताबों के कॉन्टेंट से की जा सकती है. ओरिजनैलिटी रिपोर्ट की पैसे देकर ली गई सुविधाओं की मदद से, शिक्षकों को अनलिमिटेड ऐक्सेस मिलता है. इससे शिक्षक, स्कूल के मालिकाना हक वाले डेटा में छात्र-छात्राओं के पहले से मौजूद काम से, छात्र-छात्राओं के नए काम की तुलना कर सकते हैं.

इस्तेमाल के उदाहरण

नकल का पता लगाना	सिलसिलेवार तरीका
पुराने छात्र-छात्राओं के काम से तुलना करके ओरिजनैलिटी का पता लगाना	सिलसिलेवार तरीका
नकल का पता लगाने की सुविधा की मदद से सीखना	सिलसिलेवार तरीका



> मुझे अपने छात्र-छात्राओं के काम की जांच करके पता करना है कि कहीं उन्होंने नकल तो नहीं की है या गलत संदर्भ तो नहीं दिए हैं.”

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा चालू करना
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट और निजता

नकल का पता लगाना

ओरिजनैलिटी रिपोर्ट का इस्तेमाल करके, शिक्षक अपने छात्र-छात्राओं के काम के ओरिजनल होने की जांच कर सकते हैं. रिपोर्ट जिन सोर्स की पहचान करती है उनके लिंक देती है. साथ ही, उस टेक्स्ट को फ़्लैग करती है जिसका संदर्भ न दिया गया हो.

- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट की मदद से, Docs, Slides, और Microsoft Word दस्तावेज़ों की जांच करें.
- Teaching and Learning Upgrade या Education Plus वर्शन इस्तेमाल करने वाले शिक्षकों को ये सुविधाएं मिलती हैं:
  - ओरिजनैलिटी रिपोर्ट का अनलिमिटेड ऐक्सेस
  - स्कूल के मालिकाना हक वाले डेटा में छात्र-छात्राओं के पहले से मौजूद काम से, छात्र-छात्राओं के नए काम की तुलना करें

आपका अपने डेटा पर अधिकार होता है. इसे निजी और सुरक्षित रखना हमारी ज़िम्मेदारी है.

जानें: नकल का पता लगाना

Classroom के किसी असाइनमेंट के लिए, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा को इस्तेमाल करना

- classroom.google.com पर जाकर, अपने Classroom खाते में साइन इन करें
- सूची से क्लास चुनने के बाद, क्लासवर्क चुनें
- बनाएं > असाइनमेंट को चुनें
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा को चालू करने के लिए, इसके बगल में मौजूद बॉक्स पर सही का निशान लगाएं

छात्र-छात्रा के असाइनमेंट के लिए ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करना

- सूची से किसी छात्र/छात्रा की कोई फ़ाइल चुनें और उसे ग्रेड देने वाले टूल में खोलने के लिए क्लिक करें
- छात्र/छात्रा के असाइनमेंट में जाकर, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जांचें पर क्लिक करें

LMS के किसी असाइनमेंट के लिए, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा को इस्तेमाल करना

- लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम में साइन इन करें
- कोर्स को चुनें
- असाइनमेंट बनाएं > Google Assignments चुनें
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा चालू करें बॉक्स पर सही का निशान लगाएं



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Classroom: ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा चालू करना
- Google Assignments: ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा चालू करना

“शिक्षकों को ऐसी कौनसी सुविधाएं दी जा सकती हैं जिनकी मदद से, वे पुराने छात्र-छात्राओं के काम से, मौजूदा छात्र-छात्राओं के काम की तुलना करके, नकल का पता लगा पाएं?”

पुराने छात्र-छात्राओं के काम से तुलना करके ओरिजनैलिटी का पता लगाना

ओरिजनैलिटी रिपोर्ट में, स्कूल के दूसरे बच्चों के दस्तावेज़ों के साथ मेल खाने वाले पैसेज की मदद से, पुराने छात्र-छात्राओं के काम से, मौजूदा छात्र-छात्राओं के काम की तुलना की जाती है. ऐसा संस्थान के मालिकाना हक वाले निजी डेटा के साथ, किसी छात्र/छात्रा के असाइनमेंट का मिलान करके, किया जाता है.

- Teaching and Learning Upgrade या Education Plus वर्शन में, नकल का पता लगाने के लिए, पुराने छात्र/छात्रा के काम की तुलना, मौजूदा छात्र/छात्रा के काम से करें
- छात्र-छात्राओं के काम को आपके स्कूल के मालिकाना हक वाले निजी डेटा में, सुरक्षित रूप से सेव और बैकफ़िल किया जा सकता है

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने की सुविधा चालू करना
- Classroom में, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट के लिए, स्कूल के दूसरे बच्चों के दस्तावेजों के साथ मेल खाने वाले पैसेज का पता लगाने की सुविधा चालू करना

जानें: पुराने छात्र-छात्राओं के काम से तुलना करके ओरिजनैलिटी का पता लगाना

ओरिजनैलिटी रिपोर्ट के लिए, स्कूल के दूसरे बच्चों के दस्तावेज़ों के साथ मेल खाने वाले पैसेज का पता लगाने की सुविधा चालू करने का तरीका

- Admin console में, मेन्यू > ऐप्लिकेशन > Google की अतिरिक्त सेवाएं > Classroom चुनें
- शिक्षक की संगठन की इकाई चुनें
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट पर क्लिक करें > ओरिजनैलिटी रिपोर्ट के लिए, स्कूल के दूसरे बच्चों के दस्तावेज़ों के साथ मेल खाने वाले पैसेज का पता लगाने की सुविधा चालू करें बॉक्स पर सही का निशान लगाएं
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Classroom में, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट के लिए, स्कूल के दूसरे बच्चों के दस्तावेजों के साथ मेल खाने वाले पैसेज का पता लगाने की सुविधा चालू करना

> मुझे अपने छात्र-छात्राओं को सिखाना है कि वे अपने सोर्स का सही ढंग से संदर्भ कैसे दे सकते हैं."

नकल का पता लगाने की सुविधा की मदद से सीखना

छात्र-छात्राएं असाइनमेंट सबमिट करने से पहले, ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करके, अनजाने में हुई नकल और ऐसे कॉन्टेंट की पहचान कर सकते हैं जिसके बारे में न बताया गया हो कि वह कहां से लिया गया है. फ़िलहाल, हर असाइनमेंट पर ओरिजनैलिटी रिपोर्ट को तीन बार ही जनरेट किया जा सकता है. ओरिजनैलिटी रिपोर्ट, छात्र-छात्राओं के असाइनमेंट की तुलना अलग-अलग सोर्स से करती है और ऐसे टेक्स्ट को फ़्लैग करती है जिसके बारे में न बताया गया हो कि वह कहां से लिया गया है. इससे छात्र-छात्राओं को सीखने, गलतियों को ठीक करने, और आत्मविश्वास के साथ असाइनमेंट पूरा करने का मौका मिलता है.

- Teaching and Learning Upgrade और Education Plus में, शिक्षक जितनी बार चाहें ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट कर सकते हैं. हालांकि, Education Fundamentals में, वे इस सुविधा को हर क्लास के लिए सिर्फ़ पांच बार इस्तेमाल कर सकते हैं.

- असाइनमेंट सबमिट किए जाने के बाद, Classroom अपने-आप ही एक रिपोर्ट जनरेट करता है. हालांकि, इस रिपोर्ट को शिक्षक ही देख सकते हैं. किसी असाइनमेंट को अनसबमिट करके फिर से सबमिट करने पर, Classroom में शिक्षक के लिए एक और ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट की जाती है.

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- अपने असाइनमेंट के लिए ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करना

जानें: नकल का पता लगाने की सुविधा से सीखना

छात्र-छात्राओं के लिए, Classroom में ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करने का तरीका

- classroom.google.com पर जाकर, अपने Classroom खाते में साइन इन करें
- सूची से क्लास चुनने के बाद, क्लासवर्क चुनें
- सूची से असाइनमेंट चुनें और असाइनमेंट देखें पर क्लिक करें
- अपने असाइनमेंट सेक्शन में, अपलोड करें या अपनी फ़ाइल बनाएं को चुनें
- ओरिजनैलिटी रिपोर्ट के बगल में, जनरेट करें पर क्लिक करें
- रिपोर्ट खोलने के लिए, असाइनमेंट फ़ाइल के नाम के नीचे ओरिजनैलिटी रिपोर्ट देखें पर क्लिक करें
- असाइनमेंट में बदलाव करने, उसे फिर से लिखने, या फ़्लैग किए गए पैसेज का सही तरीके से संदर्भ देने के लिए, पेज पर सबसे नीचे बदलाव करें पर क्लिक करें

छात्र-छात्राएं Google Assignments का इस्तेमाल करके, अपने LMS में ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट कर सकते हैं.



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Classroom में ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करना
- LMS में ओरिजनैलिटी रिपोर्ट जनरेट करना

Docs, Sheets, और Slides

यह क्या काम करता है?

Docs, Sheets, और Slides स्कूल के समुदायों को, रीयल टाइम में साथ मिलकर काम करने, एक साथ मिलकर कुछ बनाने, समीक्षा करने, और बदलाव करने की सुविधा देता है. Education Plus की पैसे देकर ली गई सुविधाएं, आपके संस्थान के दस्तावेज़ों के लिए ज़रूरी लोगों की मंज़ूरी लेने की प्रोसेस को तय करने में, शिक्षकों और एडमिन की मदद करती हैं.



इस्तेमाल के उदाहरण

संगठन के दस्तावेज़ों को मंज़ूरी देना — सिलसिलेवार तरीका

“

विज्ञान विभाग एक नया पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है.

सभी विभागों के हेड से, इस पाठ्यक्रम के लिए मंज़ूरी कैसे ली जा सकती है?”

संगठन के दस्तावेज़ों को मंज़ूरी देना

अनुमतियां की मदद से आपके स्कूल के लोग, मंज़ूरी लेने की औपचारिक प्रक्रिया के ज़रिए, Google Drive में दस्तावेज़ भेज सकते हैं.

- समीक्षा करने वाले लोग, सीधे Drive, Docs, और अन्य Google Workspace ऐप्लिकेशन में दस्तावेज़ों को मंज़ूरी दे सकते हैं, अस्वीकार कर सकते हैं या उन पर राय दे सकते हैं
- मंज़ूरी देने वाले लोग, दस्तावेज़ के उस लिंक पर जाते हैं जहां वे समीक्षा कर सकते हैं, टिप्पणी कर सकते हैं, और दस्तावेज़ को अस्वीकार या स्वीकार कर सकते हैं
- किसी कानूनी समझौते या नए कर्मचारी के लिए, अनुमतियां मैनेज करें या पब्लिकेशन से पहले किसी दस्तावेज़ में बदलावों को मंज़ूरी दें, और ऐसे ही और काम करें

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- अनुमतियों को मैनेज करना

जानें: संगठन के दस्तावेज़ों को मंज़ूरी देना

यह कैसे काम करता है

एडमिन यह कंट्रोल कर सकते हैं कि आपके उपयोगकर्ताओं और फ़ाइलों को, मंज़ूरी की प्रक्रिया में कैसे शामिल किया जाए.

अनुमतियां मैनेज करने का तरीका

- Admin console में साइन इन करें > मेन्यू > ऐप्लिकेशन > Google Workspace > Drive और Docs पर जाएं
- अनुमतियां पर क्लिक करें
- यह सेटिंग सब पर लागू करने के लिए, संगठन की कोई उप-इकाई या एक कॉन्फ़िगरेशन ग्रुप चुनें
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- अनुमतियों को मैनेज करना

Google Meet

यह क्या काम करता है?

Google Meet की बेहतर सुविधाओं में, लाइव स्ट्रीमिंग, ब्रेकआउट रूम, बड़ी मीटिंग होस्ट करने, मीटिंग रिकॉर्ड करने, और कैप्शन को लाइव ट्रांसलेट करने की सुविधा जैसी कई सुविधाएं शामिल हैं.

इस्तेमाल के उदाहरण

मीटिंग रिकॉर्ड करना	सिलसिलेवार तरीका	सवाल पूछना	सिलसिलेवार तरीका
क्लास में की गई चर्चा को रेफ़रंस के तौर पर इस्तेमाल करना	सिलसिलेवार तरीका	जानकारी इकट्ठा करना	सिलसिलेवार तरीका
भाषा की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना	सिलसिलेवार तरीका	छात्र-छात्राओं के छोटे-छोटे ग्रुप	सिलसिलेवार तरीका
असेंबली और स्कूल के इवेंट को ब्रॉडकास्ट करना	सिलसिलेवार तरीका	अटेंडेंस ट्रैक करना	सिलसिलेवार तरीका

मीटिंग रिकॉर्ड करना

Teaching and Learning Upgrade और Education Plus वर्शन में, शिक्षक लेसन, शिक्षकों की मीटिंग, प्रोफ़ेशनल डेवलपमेंट ट्रेनिंग, और बहुत कुछ रिकॉर्ड कर सकते हैं. मीटिंग अपने-आप Drive में सेव हो जाती हैं.

हमारी संस्था में
प्रो
फेशनल डेवलपमेंट के लिए, लंबी ऑनलाइन क्लास दी जाती हैं. इन क्लास को उन शिक्षकों के लिए रिकॉर्ड करना पड़ता है जो किसी वजह से क्लास

- रिकॉर्डिंग, मीटिंग के आयोजक के Drive में सेव हो जाती हैं. रिकॉर्ड करने से पहले, पक्का करें कि आपकी Drive में जगह है
- हमारा सुझाव है कि आईटी एडमिन, सिर्फ़ शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए, रिकॉर्ड करने की सुविधा चालू करें

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- वीडियो मीटिंग रिकॉर्ड करना

जानें: मीटिंग रिकॉर्ड करना

रिकॉर्डिंग शुरू करने का तरीका

- Google Meet में कोई मीटिंग शुरू करें या किसी मीटिंग में शामिल हों
- गतिविधि > रिकॉर्डिंग पर क्लिक करें
- रिकॉर्डिंग शुरू करें चुनें
- इससे खुलने वाली विंडो में, शुरू करें पर क्लिक करें
- स्क्रीन के नीचे दाएं कोने में लाल बिंदु दिखेगा. इससे पता चलता है कि मीटिंग रिकॉर्ड की जा रही है
- इस मीटिंग की वीडियो फ़ाइल, आपके Drive में अपने-आप सेव हो जाएगी



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- वीडियो मीटिंग रिकॉर्ड करना

जानें: रिकॉर्डिंग देखना और उन्हें शेयर करना

रिकॉर्डिंग शेयर करने का तरीका

- फ़ाइल चुनें
- शेयर करें आइकॉन पर क्लिक करें
- मंज़ूरी पाने वाले दर्शकों को जोड़ें

या

- लिंक आइकॉन को चुनें
- इस लिंक को किसी ईमेल या चैट मैसेज में चिपकाएं



रिकॉर्डिंग डाउनलोड करने का तरीका

- फ़ाइल चुनें
- ज़्यादा आइकॉन > डाउनलोड करें पर क्लिक करें
- डाउनलोड की गई फ़ाइल को चलाने के लिए, उस पर दो बार क्लिक करें

Drive पर मौजूद रिकॉर्डिंग को चलाने का तरीका

- Drive पर मौजूद रिकॉर्डिंग की फ़ाइल को चलाने के लिए, उस पर दो बार क्लिक करें. 'प्रोसेस जारी है' तब तक दिखता है, जब तक कि वह फ़ाइल ऑनलाइन देखने के लिए तैयार नहीं हो जाती
- किसी रिकॉर्डिंग को अपने Drive में जोड़ने के लिए, उसकी फ़ाइल चुनें और मेरी ड्राइव में जोड़ें पर क्लिक करें

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- वीडियो मीटिंग रिकॉर्ड करना

“

एक वर्चुअल क्लास का ट्रांसक्रिप्शन कैसे किया जा सकता है, ताकि छात्र-छात्राएं बाद में भी कॉन्सेप्ट को समझ सकें?”

क्लास में की गई चर्चा को रेफ़रंस के तौर पर इस्तेमाल करना

मीटिंग ट्रांसक्रिप्ट करने की सुविधा की मदद से, शिक्षक अपने लेसन और क्लास में हुई चर्चा को अपने-आप कैप्चर कर सकते हैं. इससे छात्र-छात्राओं के लिए, कॉन्सेप्ट का रिविज़न करना आसान हो जाता है. ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा से यह भी ट्रैक किया जा सकता है कि मीटिंग में कौन-कौन शामिल हुआ था और किसने मीटिंग में क्या कहा.

- कंप्यूटर या लैपटॉप पर Google Meet इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए, यह सुविधा अंग्रेज़ी में उपलब्ध है.
- एडमिन अपनी स्कूल कम्यूनिटी के लिए यह सुविधा चालू कर सकते हैं.
- ट्रांसक्रिप्ट अपने-आप मीटिंग के होस्ट के Drive में सेव हो जाती हैं.
- जब मीटिंग ट्रांसक्रिप्ट करने की सुविधा चालू होती है, तो मीटिंग में शामिल सभी लोगों को स्क्रीन के सबसे ऊपर बाईं ओर, एक ट्रांसक्रिप्ट आइकॉन दिखता है.
- ट्रांसक्रिप्ट में मीटिंग में बोले गए शब्द शामिल होते हैं. चैट मैसेज की ट्रांसक्रिप्ट पाने के लिए, अपनी मीटिंग रिकॉर्ड करें.

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet से मिली ट्रांसक्रिप्ट का इस्तेमाल करना
- ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा को चालू या बंद करना

जानें: क्लास में की गई चर्चा को रेफ़रंस के तौर पर इस्तेमाल करना

Google Meet में ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा चालू करने का तरीका

- किसी मीटिंग की स्क्रीन पर सबसे नीचे दाएं कोने में, गतिविधि आइकॉन को चुनें
- ट्रांसक्रिप्ट > ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा चालू करें > चालू करें पर क्लिक करें

Google Meet में ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा बंद करने का तरीका

- गतिविधि आइकॉन > ट्रांसक्रिप्ट > ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा बंद करें > बंद करें चुनें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet से मिली ट्रांसक्रिप्ट का इस्तेमाल करना
- ट्रांसक्रिप्शन की सुविधा को चालू या बंद करना

“

हम माता-पिता/शिक्षकों के लिए वर्चुअल कॉन्
फ़्रेंस होस्ट करते रहते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कॉन्फ़्रेंस में शामिल सभी लोगों को एक ही भाषा नहीं आती.

ऐसा क्या किया जा सकता है कि मीटिंग में की जा रही बातचीत सबको समझ आए और किसी को भाषा से जडी दिक्कतों का सामना न करना पड़े?”

सिलसिलेवार तरीका

भाषा की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना

कैप्शन के अनुवाद की सुविधा की मदद से, भाषा से जुड़ी दिक्कतों को कम करें, ताकि मीटिंग में की जा रही बातचीत सबको समझ आए. जब मीटिंग में शामिल होने वाले लोग, अपनी पसंद की भाषा में कॉन्टेंट देखते या सुनते हैं, तो सभी को एक जैसी जानकारी मिलने, सीखने-सिखाने, और साथ मिलकर काम करने में मदद मिलती है.

- शिक्षक अलग भाषा बोलने वाले छात्र-छात्राओं, माता-पिता, और समुदाय के हिस्सेदारों के साथ बातचीत कर सकते हैं
- अंग्रेज़ी से फ़्रेंच, जर्मन, पॉर्चुगीज़, या स्पैनिश में अनुवाद करने के लिए और इन भाषाओं से अंग्रेज़ी में अनुवाद करने के लिए, कैप्शन के अनुवाद की सुविधा का इस्तेमाल करें
- साथ ही, अंग्रेज़ी से जैपनीज़, मैंडरिन या स्वीडिश में अनुवाद किया जा सकता है

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में कैप्शन के अनुवाद की सुविधा का इस्तेमाल करना

जानें: भाषा की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना

कैप्शन के अनुवाद की सुविधा चालू करने का तरीका

- मीटिंग की स्क्रीन के सबसे नीचे, ज़्यादा विकल्प > सेटिंग > कैप्शन पर क्लिक करें
- कैप्शन चालू करें
- मीटिंग की भाषा चुनें
- कैप्शन के अनुवाद की सुविधा चालू करें
- वह भाषा चुनें जिसमें आपको कैप्शन का अनुवाद देखना है



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में कैप्शन के अनुवाद की सुविधा का इस्तेमाल करना

असेंबली, स्कूल के इवेंट, और मीटिंग ब्रॉडकास्ट करना

Teaching and Learning Upgrade से, 10,000 दर्शकों के लिए लाइव स्ट्रीम करें. साथ ही, Education Plus से, 1,00,000 दर्शकों के लिए लाइव स्ट्रीम करने की सुविधा पाएं. लोग अपने ईमेल या Calendar के न्योते में, आयोजक से मिले लाइव स्ट्रीम लिंक पर क्लिक करके, मीटिंग में शामिल हो सकते हैं.

“हमें अपने कई हिस्सेदारों और माता-पिता के लिए, कर्मचारियों और शिक्षकों की मीटिंग को लाइव स्ट्रीम करना है.”

- तय करें कि कितने दर्शकों के लिए लाइव स्ट्रीम करनी है. चुनें कि किस-किसको स्ट्रीम का ऐक्सेस मिलेगा:
  - सिर्फ़ आपके संगठन या डोमेन के उपयोगकर्ताओं को
  - भरोसेमंद Google Workspace डोमेन के उपयोगकर्ताओं को
  - YouTube के उपयोगकर्ताओं को
- यह सुझाव दिया जाता है कि आईटी एडमिन सिर्फ़ शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग चालू करें
- जो उपयोगकर्ता लाइव स्ट्रीम से चूक गए हैं वे मीटिंग पूरी होने के बाद उसे फिर से चलाने की सुविधा का इस्तेमाल कर सकते हैं
- सभी मीटिंग में दिलचस्पी के साथ हिस्सा लें, इसके लिए लाइव स्ट्रीम में कैप्शन, पोल, और सवाल-जवाब जोड़ें

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Meet के लिए लाइव स्ट्रीमिंग चालू या बंद करना
- वीडियो मीटिंग को लाइव स्ट्रीम करना

जानें: असेंबली, स्कूल के इवेंट, और मीटिंग ब्रॉडकास्ट करना

लाइव स्ट्रीम इवेंट बनाने का तरीका

- Google Calendar खोलें
- + इवेंट बनाएं > ज़्यादा विकल्प को चुनें
- इवेंट के बारे में जानकारी जोड़ें, जैसे कि तारीख, समय, और ब्यौरा
- मीटिंग में ऐसे मेहमान जोड़ें जो वीडियो मीटिंग में हर तरह की गतिविधि में हिस्सा ले सकें. जैसे- ये लोग मीटिंग को देख सकें, सुन सकें, और अपनी स्क्रीन शेयर कर सकें
- Google Meet वीडियो कॉन्फ़्रेंस जोड़ें > Meet पर क्लिक करें
- 'Google Meet से मीटिंग में शामिल हों' के बगल में, डाउन ऐरो को चुनें और फिर लाइव स्ट्रीम जोड़ें
- पैसे चुकाकर लिए गए वर्शन में, जितने लोगों को न्योता देने की अनुमति होती है उतने लोगों को न्योता देने के लिए, कॉपी करें पर क्लिक करें और लाइव स्ट्रीम का यूआरएल शेयर करें
- सेव करें को चुनें
- स्ट्रीमिंग अपने-आप शुरू नहीं होती है. इसलिए, मीटिंग के दौरान ज़्यादा > स्ट्रीमिंग शुरू करें को चुनें

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Meet के लिए लाइव स्ट्रीमिंग चालू या बंद करना
- वीडियो मीटिंग को लाइव स्ट्रीम करना

“

मुझे छात्र-छात्राओं से सवाल पूछने, उन्हें कितनी समझ है इसकी जानकारी पाने, और क्लास में उनकी दिलचस्पी बनाए रखने के लिए उनसे बात करने का आसान तरीका चाहिए.”

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में हिस्सा लेने वालों से सवाल पूछना

सवाल पूछना

क्लास को ज़्यादा इंटरैक्टिव बनाने और उसमें छात्र-छात्राओं की दिलचस्पी बनाए रखने के लिए, Google Meet में सवाल और जवाब की सुविधा का इस्तेमाल करें. वर्चुअल क्लास के खत्म होने के बाद, शिक्षकों को सभी सवालों और जवाबों की पूरी जानकारी भी मिलेगी.

- मॉडरेटर जितने चाहें उतने सवाल पूछ सकते हैं. वे सवालों को फ़िल्टर कर सकते हैं या क्रम से लगा सकते हैं. ‘जवाब दिया गया’ के तौर पर उन्हें मार्क कर सकते हैं. साथ ही, सवालों को छिपा सकते हैं या उनको प्राथमिकता भी दे सकते हैं.
- जिस मीटिंग में सवाल पूछने की सुविधा चालू होगी उसके खत्म होने के बाद, मॉडरेटर को सवालों की रिपोर्ट का ईमेल अपने-आप भेज दिया जाएगा.

जानें: सवाल पूछना

सवाल पूछने का तरीका

- किसी मीटिंग की स्क्रीन पर सबसे ऊपर दाएं कोने में, गतिविधि आइकॉन > सवाल को चुनें (सवाल और जवाब की सुविधा चालू करने के लिए, सवाल और जवाब की सुविधा चालू करें को चुनें)
- सवाल पूछने के लिए, नीचे दाएं कोने में, सवाल पूछें पर क्लिक करें
- अपने सवाल दर्ज करें > पोस्ट करें को चुनें

सवालों की रिपोर्ट देखने का तरीका

- मीटिंग खत्म होने के बाद, मॉडरेटर को सवालों की रिपोर्ट का ईमेल भेजा जाता है
- इस ईमेल को खोलने के बाद > रिपोर्ट अटैचमेंट पर क्लिक करें

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में हिस्सा लेने वालों से सवाल पूछना

“

वर्चुअल क्लास या कर्मचारियों की मीटिंग के दौरान, मुझे छात्र-छात्राओं और अन्य शिक्षकों की राय जानने का एक आसान तरीका चाहिए.”

जानकारी इकट्ठा करना

वर्चुअल मीटिंग को शेड्यूल करने या उसे शुरू करने वाला व्यक्ति, मीटिंग में हिस्सा लेने वाले लोगों के लिए पोल बना सकता है. यह सुविधा सभी छात्र-छात्राओं या मीटिंग में हिस्सा लेने वालों की जानकारी को, जल्दी और आकर्षक तरीके से इकट्ठा करने में मदद करती है.

- मीटिंग के दौरान, मॉडरेटर किसी पोल को बाद में पोस्ट करने के लिए सेव कर सकते हैं. ये वर्चुअल मीटिंग के पोल सेक्शन में आसानी से सेव हो जाते हैं.
- मीटिंग के बाद, मॉडरेटर को पोल के नतीजों की रिपोर्ट का ईमेल अपने-आप भेज दिया जाएगा.

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में पोल कराना

जानें: राय लेना

पोल बनाना

- किसी मीटिंग की स्क्रीन पर सबसे ऊपर दाएं कोने में, गतिविधि आइकॉन > पोल को चुनें
- पोल शुरू करें को चुनें
- कोई सवाल दर्ज करें
- लॉन्च करें या सेव करें को चुनें

पोल मॉडरेट करना

- किसी मीटिंग की स्क्रीन पर सबसे ऊपर दाएं कोने में, गतिविधि आइकॉन > पोल को चुनें
- मीटिंग में हिस्सा लेने वालों को पोल के रीयल-टाइम नतीजे देखने की सुविधा देने के लिए, सभी को नतीजे दिखाएं के बगल में मौजूद, चालू करें को चुनें
- किसी पोल को बंद करने और जवाब की अनुमति न देने लिए, पोल को खत्म करें पर क्लिक करें
- अगर किसी पोल को हमेशा के लिए मिटाना है, तो मिटाएं आइकॉन को चुनें

पोल की रिपोर्ट देखना

- मीटिंग खत्म होने के बाद, मॉडरेटर को रिपोर्ट का ईमेल भेजा जाता है
- इस ईमेल को खोलने के बाद > रिपोर्ट अटैचमेंट को चुनें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में पोल कराना

“

कई बार छात्र/छात्रा अपने घर से क्लास में शामिल होते हैं. जब छात्र-छात्राओं के छोटे-छोटे
ग्रुप बनाकर, क्लास ली जाती
है, तो मुझे पहले से बने ग्रुप के आधार पर, आसानी से ब्रेकआउट रूम बनाने का एक तरीका चाहिए.”

छात्र-छात्राओं के छोटे-छोटे ग्रुप

वर्चुअल क्लास, हाइब्रिड मोड या व्यक्तिगत तौर पर सीखने-सिखाने के दौरान, छात्र-छात्राओं को छोटे-छोटे ग्रुप में बांटने के लिए, शिक्षक ब्रेकआउट रूम का इस्तेमाल कर सकते हैं. कंप्यूटर पर, वीडियो कॉल के दौरान सिर्फ़ मॉडरेटर ब्रेकआउट रूम शुरू कर सकते हैं.

- इवेंट बनाते समय, पहले से ही ब्रेकआउट रूम बनाए जा सकते हैं. साथ ही, मीटिंग के दौरान भी इन्हें बनाया जा सकता है
- हर वर्चुअल मीटिंग में, 100 ब्रेकआउट रूम बनाए जा सकते हैं
- ज़रूरत पड़ने पर ग्रुप की मदद करने के लिए, शिक्षक एक ब्रेकआउट रूम से दूसरे में आसानी से जा सकते हैं
- एडमिन सिर्फ़ शिक्षकों या कर्मचारियों को ब्रेकआउट रूम बनाने की अनुमति दे सकते हैं

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में ब्रेकआउट रूम इस्तेमाल करना

जानें: छात्र-छात्राओं के छोटे-छोटे ग्रुप बनाना

मीटिंग से पहले ब्रेकआउट रूम बनाना

- Google Calendar में नया इवेंट बनाएं
- **Google Meet** वीडियो कॉन्फ़्रेंस जोड़ें पर क्लिक करें
- मीटिंग में हिस्सा लेने वाले लोगों को जोड़ें > कॉन्फ़्रेंस सेटिंग बदलें को चुनें
- ब्रेकआउट रूम पर क्लिक करें
- ब्रेकआउट रूम की संख्या चुनें और इनमें से कोई एक विकल्प चुनें:
  - मीटिंग में हिस्सा लेने वाले लोगों के नाम खीचें और अलग-अलग ब्रेकआउट रूम में छोड़ें
  - सीधे ब्रेकआउट रूम में उनका नाम डालें
  - ग्रुप में मौजूद सदस्यों को किसी तय क्रम के बिना कोई ब्रेकआउट रूम असाइन करने के लिए, शफ़ल करें पर क्लिक करें
- सेव करें पर क्लिक करें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में ब्रेकआउट रूम इस्तेमाल करना

जानें: छात्र-छात्राओं के छोटे-छोटे ग्रुप बनाना

मीटिंग के दौरान ब्रेकआउट रूम बनाना

- कोई वीडियो कॉल शुरू करें
- सबसे ऊपर दाईं ओर, गतिविधि आइकॉन > ब्रेकआउट रूम को चुनें
- ब्रेकआउट रूम वाले पैनल में जाकर, अपनी ज़रूरत के हिसाब से ब्रेकआउट रूम की संख्या चुनें
- इसके बाद, छात्र-छात्राएं ब्रेकआउट रूम में बंट जाएंगे. हालांकि, ज़रूरत पड़ने पर मॉडरेटर उन्हें मैन्युअल तरीके से दूसरे ब्रेकआउट रूम में ले जा सकते हैं
- सबसे नीचे दाईं ओर, रूम खोलें पर क्लिक करें



अलग-अलग ब्रेकआउट रूम में सवालों के जवाब देना

- किसी छात्र/छात्रा के मदद मांगने पर, मॉडरेटर की स्क्रीन के नीचे एक सूचना दिखेगी. उस छात्र/छात्रा के ब्रेकआउट रूम से जुड़ने के लिए, 'शामिल हों' को चुनें

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में ब्रेकआउट रूम इस्तेमाल करना

“मुझे ऑनलाइन क्लास में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रैक करने में समस्या हो रही है. मुझे अपने डोमेन की क्लास के लिए, अटेंडेंस की रिपोर्ट पाने का आसान तरीका चाहिए.”

अटेंडेंस ट्रैक करना

अटेंडेंस ट्रैकिंग की सुविधा की मदद से, किसी मीटिंग में हिस्सा लेने वाले पांच या उससे ज़्यादा लोगों की अटेंडेंस की रिपोर्ट अपने-आप उपलब्ध हो जाती है. अटेंडेंस की रिपोर्ट से, कॉल में शामिल हुए लोगों, मीटिंग में हिस्सा लेने वालों के ईमेल, और वर्चुअल क्लास में उनके मौजूद रहने की अवधि के बारे में जानकारी मिलती है.

- लाइव स्ट्रीम रिपोर्ट की मदद से, लाइव-स्ट्रीम इवेंट में अटेंडेंस को ट्रैक किया जा सकता है
- मॉडरेटर, अटेंडेंस ट्रैक करने की सुविधा और लाइव स्ट्रीम रिपोर्ट को, मीटिंग के दौरान या कैलेंडर इवेंट से चालू और बंद कर सकते हैं

सिलसिलेवार तरीका

सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में अटेंडेंस ट्रैक करना

जानें: अटेंडेंस ट्रैक करना

किसी मीटिंग में अटेंडेंस ट्रैक करने का तरीका

- कोई वीडियो कॉल शुरू करें
- सबसे नीचे, मेन्यू आइकॉन को चुनें
- सेटिंग आइकॉन > होस्ट के लिए कंट्रोल को चुनें
- अटेंडेंस ट्रैकिंग की सुविधा को चालू या बंद करें

Calendar में अटेंडेंस ट्रैक करने का तरीका

- कैलेंडर इवेंट में जाकर, Google Meet कॉन्फ़्रेंसिंग चालू करें
- दाईं ओर, सेटिंग आइकॉन को चुनें
- अटेंडेंस ट्रैकिंग की सुविधा के बगल में मौजूद बॉक्स को चुनें > सेव करें पर क्लिक करें

अटेंडेंस की रिपोर्ट पाना

- मीटिंग खत्म होने के बाद, मॉडरेटर को रिपोर्ट का ईमेल भेजा जाता है
- इस ईमेल को खोलने के बाद > रिपोर्ट अटैचमेंट को चुनें



सहायता केंद्र पर मौजूद काम के अन्य दस्तावेज़

- Google Meet में अटेंडेंस ट्रैक करना

धन्यवाद